कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, फिरोजाबाद।

पत्रांक 1054/पं0–7/डी0सी0/स्व0भा0मि0(ग्रा0)/2025–26 दिनांक 31-5-25

1–समस्त खण्ड विकास अधिकारी

2–समस्त सहायक विकास अधिकारी(पं0)

जनपद–फिरोजाबाद।

विषयः– "विश्व पर्यावरण दिवस" (World Environment Day) 2025 के थीम 'विश्व स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना'(Ending Plastic Pollution Globally) के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषयक मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) के कार्यालय पत्र संख्या 5/500/2025–5/09–V/2025–26 लखनऊ दिनांक 29.05.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दिनांक 05.06.2025 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाना है। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस, 2025 का थीम 'विश्व स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना' है। विश्व पर्यावरण दिवस दिनांक 05.06.2025 से पहले पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) द्वारा **दिनांक 22 मई से 05 जून, 2025** तक एक प्री–कैंपेन चलाये जाने की योजना की गयी है, जिसमें प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के महत्व पर प्रकाश डाला जाना है। अभियान के महत्व को दृष्टि में रखते हुए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जलशक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समस्त राज्यों में प्री–कैंपेन में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिये अपेक्षा की गयी है। उक्त अभियान में की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों व उसके रिपोर्टिंग के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया है, जोकि निम्नवत् हैः–

1. सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबन्धित करने के लिये चलाये गये विशेष अभियानों की संख्या (दिनांक 12.08.2021 के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, सम्बन्धित विभागों के सहयोग से)
2. सिंगल यूज प्लास्टिक की मात्रा, साथ ही प्रतिबंधित की गयी वस्तुओं की मात्रा, जिनका प्रसंस्करण या निपटान किया गया।
3. स्वीकृत प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाईयों (पीडब्ल्यूएमयू) की संख्या।
4. पीडब्ल्यूएमयू की स्थापना के लिये चिन्हित स्थलो की संख्या।
5. पीडब्ल्यूएमयू की स्थापना के लिये जारी की गयी निविदाएं।
6. जल निकायों (नदियॉ, झीलें, तालाब, झरने, जलप्रपात इत्यादि) के पास पाये गये कचरा का ढेर (ब्लैक स्पॉट) के पास साइनेज लगाया है कि नही,
   (क) समुदाय की जानकारी के लिये कचरे के ढेर के पास साइनेज लगाया है कि नही,
   (ख) उपयुक्त कचरा उपचार/निपटान केन्द्र पर भेजी गयी प्लास्टिक कचरे की मात्रा,
   (ग) इन स्थानों पर चलाये गये स्वच्छता अभियान,
7. चिन्हित अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधाओं की संख्या जो जल निकायों के पास स्थित है।
8. कितने नालियों के अन्त (end point) में कचरा रोकने के लिये जाली लगाने की व्यवस्था की गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि पंचायत स्तर के हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित कर सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन करने के साथ–साथ विशेष रूप से महिला एसएचजी, ग्राम पंचायत, वी0डब्ल्यू0एस0सी0 इत्यादि का उक्त कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करें तथा समस्त गतिविधियों की रिपोर्टिंग करने के लिये भारत सरकार द्वारा एक समर्पित मॉड्यूल WE-01 विकसित किया गया है, जो कि sbm.gov.in के MIS लॉगिन में उपलब्ध है। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि अभियान के दौरान की गयी गतिविधियों की कुछ अच्छी फोटो व संख्यात्मक रिपोर्टिंग मॉड्यूल WE-01 करना सुनिश्चित करें।

31.5.25

(शत्रोहन वैश्य)
मुख्य विकास अधिकारी,
फिरोजाबाद।

प्रतिलिपिः– **निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1– मिशन निदेशक, महोदय स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) उ0प्र0 लखनऊ।

2– जिलाधिकारी महोदय फिरोजाबाद की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।

3– उपनिदेशक, (पं0) आगरा मण्डल आगरा।

4– जिला पंचायत राज अधिकारी फिरोजाबाद को इस निर्देश के साथ कि अपने अधीनस्थ कर्मचारी/अधिकारी को उक्त अभियान को ससमय करने हेतु निर्देशित करें।

31/5/25

मुख्य विकास अधिकारी,
फिरोजाबाद।

Nilo War Room